संत थॉमस स्कूल,धुर्वा राँची–4

वार्षिक परीक्षा, (2020–21)

विषय– हिंदी व्याकरण पाठ–7 क्रिया–करना या होना

हिन्दी व्याकरण कॉपी में लिखिए–

1पढ़िए और सही मिलान कीजिए–

(क) बच्चे –खेल रहे हैं।

(ख) बिजली–चमक रही है।

(ग) कुम्हार–घड़ा बना रहा है।

(घ) अध्यापिका–पढ़ा रही है।

2 चित्र देखकर क्रिया शब्द लिखिए–

(क) सोना (ख) दौड़ना (ग) उड़ना (घ) लिखना (ङ) बहना (घ) नाचना

3 क्रिया शब्दों के नीचे रेखा लगाकर शब्द सामने लिखिए–
(क) चरती है । (ख) खिलते हैं। (ग) बना रही है। (घ) दहाड़ता है। (ङ) दिखाता है।

4 कोष्ठक में दी गई क्रिया का उचित रुप लिखकर वाक्य पूरा कीजिए–

(क) तैरती है। (ख) सींचता है (ग) कूकता है। (घ) पकाती हैं। (ङ)बाँटता है।

पिकनिक / वनभोज

पिकनिक मनोरंजन का सबसे बेहतरीन साधन है। पिछले रविवार को मैं और मेरा पूरा परिवार पिकनिक मनाने के लिए नहर के पास वाले बगीचे में गए थे। हम घर से 9 बजे निकले थे और 10 बजे वहाँ पहुँच गए थे। मम्मी ने खाने–पीने,खेल–कूद का सामान और चटाई आदि गाड़ी में पहले ही रख लिया था। उस दिन बगीचे में बहुत से लोग आए थे। हम सब ने वहाँ बैठकर कई खेल खेले आौर फिर नहर के शीतल पानी में नहाने लगे और एक दूसरे के ऊपर पानी डाल रहे थे।तब तक मम्मी ने हमारे लिए खाना लगा दिया था और हम लोगों ने स्वादिष्ट भोजन का मजा लिया। फिर हमने बैडमिंटन खेला। फिर हमने बगीचे में लगे फूलों और फव्वारों को भी देखा। हम थोड़ी देर के लिए खुले आसमान के नीचे लेट गए और शुद्ध हवा का आंनद लिया। शाम के करीब 5 बजे चुके थे और हम सारा सामान समेट कर वापिस घर आ गए। फिर हमने पूरे दिन की बातें की और खुशी के पलों को याद किया।पिकनिक के कारण हम सब खुश थे।